सीबीएसई/सीई/2021/ **दिनाँक:** 05.08.2021

परिपत्र

सीबीएसई ने सभी स्कूलों की मदद से दसवीं और बारहवीं कक्षा का परिणाम सफलतापूर्वक घोषित कर दिया है। इसका श्रेय उन शिक्षकों को जाता है जो दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं के परिणाम तैयार करने में शामिल थे। परिणामों की गणना के संबंध में विवादों को सीबीएसई द्वारा एक समिति को भेजा जाएगा, तथा यह भी सूचित किया जाता है कि सीबीएसई अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए एक नीति भी तैयार कर रहा है। यह नीति 6 अगस्त, 2021 की शाम तक बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। नीति के अनुसार होने पर ही अभ्यावेदन स्वीकार किया जाएगा।

जो स्कूल किसी भी रूप में सीबीएसई से संपर्क कर रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वेबसाइट पर पॉलिसी अपलोड होने के बाद उसमें दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अभ्यावेदन दें। इस अधिसूचना से पहले भेजे गए किसी भी अभ्यावेदन को दी गई समय सीमा के भीतर अधिसूचित नीति के अनुसार फिर से प्रस्तुत करना होगा।

सीबीएसई नीति में बताए गए अनुसार समय सीमा के भीतर सभी अभ्यावेदन को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-हस्ताक्षरित-

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक